Dr. Honey Sinha
Assistant professor
Dept. of commerce
Sub: (B.O) Business Organisation
B.Com part - 1st
SNSRKS College, Saharsa

Date ______
Page ______

## Introduction :- Definition and characteristics of stock (स्कन्ध कि परिभाषा तथा विशेषताएँ ।

* जब कम्पनी स्कन्ध (stock) के अंशो पर पूरा भुगतान (fully paid) प्राप्त हो जाता है तब उन्हे (अर्थात कम्पनी के पूर्णतया चुकता अंशो को) स्कन्ध मे बदला जाता है। अतः स्कन्ध का आशय चुकता अंशो की एकत्रित रकम से है जिसे बाद मे किसी भी रकम के छोटे-छोटे टुकड़ों मे बाँटा जा सकता है ताकि अंश की किसी भी रकम को हस्तान्तरित किया जा सके। इस प्रकार प्रत्येक स्कन्ध, अंश होता है जबकि प्रत्येक अंश, स्कन्ध नही हो सकता है। इसके लिए अंश पूर्णदत्त (fully paid) होना चाहिए तथा साथ में परिवर्तन हो जाना चाहिए।

* स्कन्ध कि विशेषताएँ :- (Characteristics of Stock) :-

(1) कोई कम्पनी प्रारम्भ मे स्कन्ध का निर्गमन नही कर सकती है।

(2) केवल पूर्णदत्त अंशों को ही स्कन्ध मे बदला जा सकता है। आंशिक दत्त अंशो का स्कन्ध मे परिवर्तन

(2)

व्यर्थ (void) माना जाता है।

(3) ऐसे परिवर्तन के लिए अन्तर्नियमो द्वारा अधिकार प्राप्त हो

(4) इस पर क्रम-संख्या डालने की आवश्यकता नही होती है।

(5) इसे समान भागो मे विभाजित करने की आवश्यकता नही होती बल्कि इसे किसी भी राशी के टुकड़ो मे विभक्त किया जा सकता है।

* ISSUE OF SHARES AT A PREMIUM

कोई भी कम्पनी अपने अंशों को प्रीमियम पर निर्गमित कर सकती है। प्रीमियम पर अंश-निर्गमन से तात्पर्य अंशो उनके अंकित मूल्य से अधिक पर निर्गमन करने से है, जैसे 100 ₹ के अंशों को 110 ₹ में निर्गमित करना। यदि कोई कम्पनी ऐसा करती है तो उसके लिए यह आवश्यक है कि प्रीमियम पर प्राप्त समस्त अंश प्रीमियम खाते (Share premium A/c) मे जमा किया जाए। इस प्रकार से जमा किए हुए धन का प्रयोग केवल निम्न कार्यों के लिए किया जाता है—

(1) कम्पनी के अनिर्गमित अंशों को कम्पनी के सदस्य

③

मे पूर्णदत्त बोनस अंशों के रूप मे निर्गमित करने के लिए।

② कम्पनी के प्रारम्भिक व्यय का अपलिखित (write off) करो के लिए।

③ कम्पनी के अंशो या ऋण-पत्रों के निर्गमन में दिये हुए व्ययों, कमीशन या छूट को समाप्त करने के लिए।

④ कम्पनी के विमोचनशील पूर्वाधिकार अंशों (Redeemable Preference Shares) या ऋण-पत्रों के भुगतान करने के लिए।

The end

Dr. Honey Sinha
Assistant professor
Dept. of Commerce
SNSRKS College
Saharsa